दैनिक भास्कर राजस्थान जोधपुर. मंगलवार, 17 अगस्त 2010

श्रीगंगानगर क्रिकेट संघ की याचिका पर सुनवाई कल

भास्कर न्यूज. जोधपुर | राजस्थान हाईकोर्ट में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के सचिव संजय दीक्षित को जारी नोटिस का जवाब देने के लिए दीक्षित के अधिवक्ता ने बुधवार तक का समय मांगा है। न्यायाधीश गोपालकृष्ण व्यास ने आरसीए का प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए इस मामले की सुनवाई बुधवार को करने के आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि गंगानगर जिला क्रिकेट संघ की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश व्यास ने नोटिस जारी कर आरसीए सचिव दीक्षित से पूछा था कि वे आईएएस अधिकारी होते हुए खेलसंघ में क्या कर रहे हैं।

दैनिक भास्कर जोधपुर | शनिवार 4 सितंबर, 2010 14

गंगानगर मामला : 2 सप्ताह बाद सुनवाई

जोधपुर | राजस्थान हाईकोर्ट गंगानगर जिला क्रिकेट संघ की याचिका में मान्यता के बिंदु पर दो सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। साथ ही न्यायालय ने प्रारंभिक आपत्तियों पर संघ के प्रतियोगिता में भाग लेने व पत्र व्यवहार से संबंधित प्रार्थना को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायाधीश गोपाल कृष्ण व्यास ने गंगानगर क्रिकेट संघ की याचिका पर प्रारंभिक आपत्तियों की सुनवाई में दिया है। गंगानगर संघ की ओर से अधिवक्ता लेखराज मेहता व रमित मेहता पेश हुए।